## खबर संक्षेप



सिरसा। हेरोइन मामले में मुख्य सप्लायर पुलिस हिरासत में।

### हरोइन का सप्लायर जालंधर से दबोचा

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने करीब 60 लाख रुपए की 588 ग्राम हेरोइन बरामदगी मामले में मुख्य सप्लायर को पंजाब के जालांधर जिला से काबू किया है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी इंस्पेक्टर शमशेर सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम ने सप्लायर आरोपी सुखपाल सिंह निवासी वहरा, तहसील नकोदर महतापुर जिला जालंधर पंजाब को काबू कर लिया। लंधर जिला में दबिश देकर काबू कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन का रिमांड लिया गया है और रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से पूछताछ कर नशा तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में नाम पता मालूम कर उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पराली जलाने पर तीन पर मामला दर्ज

**जींद।** पुलिस ने पराली के अवशेष जलाने पर तीन लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सरकार ने पराली जलाने पर रोक लगाई हुई है। बावजूद इसके गांव सिंगवाल निवासी प्रवीण, गांव सैंथली निवासी सुखविंद्र, उचाना कलां निवासी बेगराज ने पराली अवशेषों को जलाया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### करोड़ों के फसल मुआवजा गबन में आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** करोड़ों रुपये के फसल मुआवजा गबन मामले में कार्यवाही करते हुए इकनोमिक सैल फतेहाबाद की टीम ने आठवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुरजीत सिंह पुत्र अंतर सिंह निवासी बडोपल के रूप में हुई है। इकनोमिक सैल प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता उप-निरीक्षक राजेश कुमार, मुख्यमंत्री उडनदस्ता, हिसार की शिकायत पर थाना शहर फतेहाबाद में मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप था कि नामजद व्यक्तियों ने फर्जी कागजात तैयार कर फसल मुआवजा राशि में गबन किया है।

### किसान ईश्वर को मिलेगा मिलेनेयर फार्मर अवॉर्ड

**कैथल।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिसद के पूसा नई दिल्ली स्थित



संस्थान में 6-7 दिसंबर,2025 को देश भर से कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले वाले,खेती की समस्याओं का समाधान खोजने वाले नवीनमेषी किसानों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें पूरे भारत से नवीनमेषी किसानों का चयन किया गया। हरियाणा के कैथल जिले के किसान ईश्वर सिंह कुंडु कि खोज को इस सम्मेलन में सम्मान के लिए हेतु चुना गया ह। बता दें कि किसान ईश्वर कुंडु ने केवल दसवीं तक की शिक्षा होने के बावजूद,बेहद सीमित संसाधनों के साथ कृषि क्षेत्र के लिए कई खोजें की हैं।

### निवेश के नाम पर ठगी में खाताधारक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** एलआईसी पॉलिसी में निवेश के नाम पर 17,13,400 रुपये की ठगी के मामले में खाताधारक को गिरफ्तार किया है। फरीदाबाद निवासी एक महिला ने साइबर थाना सैंट्रल में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास एक अंजान नंबर से व्हॉट्सएप कॉल आया जिसने कहा कि यदि आप 22000 रुपये की एलआईसी पॉलिसी लेते हो तो आपको 1 करोड रुपये मिलेंगे। जिसके बाद शिकायतकर्ता को ठगों द्वारा अलग-अलग प्रकार के ऑफर देकर उससे कुल 17,13,400 रुपये अलग-अलग खाता में डलवा लिये।

---

**2337 पात्र विद्यार्थियों के चयन के लिए प्रतियोगी परीक्षा होगी आयोजित**

# नेशनल मींस मेरिट कम स्कालरशिप परीक्षा 30 को, प्रदेशभर से 54264 आवेदन शिक्षा विभाग को मिले, 182 परीक्षा केंद्र बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

नेशनल मींस मेरिट कम स्कालरशिप (राष्ट्रीय साधन सह पात्रता छात्रवृत्ति परीक्षा) का आयोजन 30 नवंबर को होने जा रहा है। प्रदेशभर से 54264 आवेदन शिक्षा विभाग को मिले हैं। परीक्षार्थियों की संख्या को देखते हुए प्रदेशभर में 182 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें से जींद जिले के लिए दस परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। योजना के तहत जींद जिलेभर से 2976 आवेदन आए हैं। परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विद्यार्थी को 9वीं से 12वीं कक्षा तक एक हजार रुपये प्रति माह छात्रवृत्ति के रूप में दिए जाएंगे। नेशनल मींस मेरिट कम स्कालरशिप प्रतियोगिता शिक्षा मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही है। जिसका उद्देश्य सरकारी, अनुदान प्राप्त विद्यालयों में पढने वाले प्रतिभाशाली जरूरतमंद बच्चों का चयन कर उनका शैक्षिक विकास करना है। हरियाणा राज्य में इस योजना के अंतर्गत 2337 पात्र विद्यार्थियों का चयन करने के लिए प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया जाता है। इस परीक्षा में बैठने के लिए विद्यार्थी राज्य के सरकारी, अनुदान प्राप्त विद्यालयों में कक्षा आठवी में पढ़ रहे हो। उन्होंने सातवीं कक्षा किसी सरकारी, अनुदान प्राप्त विद्यालय में पिछले सत्र में पास की हो। परीक्षार्थी के माता-पिता की सभी स्त्रोतों से कुल वार्षिक आय तीन लाख 50 हजार से कम हो। परीक्षा में जिला स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को जिले के कोटे के अनुसार छात्रवृत्ति दी जाएगी। परीक्षा में बीसीए वर्ग को 16 प्रतिशत, बीसी बी वर्ग को 11 प्रतिशत, एससी वर्ग को 20 प्रतिशत व दिव्यांग वर्ग को तीन प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। आरक्षित वर्ग से आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की छाया प्रति आनलाइन आवेदन के साथ ही अपलोड करनी होगी।

**परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विद्यार्थी को 9वीं से 12वीं कक्षा तक एक हजार रुपये प्रति माह छात्रवृत्ति के रूप में दिए जाएंगे**

### परीक्षा के होंगे दो भाग

जिला गणित विशेषज्ञ आनंद सहारण ने बताया कि नेशनल मींस मेरिट कम स्कालरशिप परीक्षा के लिए एक लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगाए जिसके दो भाग होंगे। पहले भाग में मानसिक योग्यता परीक्षण आधारित प्रश्न पूछे जाएंगे। इस भाग में विद्यार्थियों की मानसिक योग्यता तर्क, विश्लेषण व संश्लेषण को जांचने के लिए बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। कुल 90 प्रश्न होंगे जो कि प्रत्येक एक-एक अंक का होगा। सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे।

### सभी तैयारियां पूरी



परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा का दूसरा भाग बौद्धिक योग्यता परीक्षण में 90 प्रश्न पूछे जाएंगे। जिसमें विज्ञान के 35 प्रश्न, गणित के 20 प्रश्न और सामाजिक विज्ञान के 35 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे। **-रोहताश वर्मा जिला शिक्षा अधिकारी जींद**

### प्रदेशभर से आए आवेदनों व परीक्षार्थियों के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्रों की संख्या

| जिला | आवेदनों की संख्या | परीक्षा केंद्रों की संख्या | जिला | आवेदनों की संख्या | परीक्षा केंद्रों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| अंबाला | 3757 | 13 | महेंद्रगढ़ | 1836 | 7 |
| भिवानी | 2230 | 8 | नूंह | 1833 | 7 |
| चरखी दादरी | 1059 | 4 | पलवल | 1504 | 6 |
| फरीदाबाद | 1433 | 5 | पंचकूला | 1456 | 5 |
| फतेहाबाद | 2748 | 10 | पानीपत | 4184 | 14 |
| गुरुग्राम | 3364 | 12 | रेवाड़ी | 2164 | 8 |
| हिसार | 3494 | 12 | रोहतक | 1491 | 5 |
| झज्जर | 1367 | 5 | सिरसा | 3993 | 14 |
| जींद | 2976 | 10 | सोनीपत | 2728 | 10 |
| कैथल | 3117 | 11 | यमुनानगर | 1934 | 7 |
| करनाल | 3191 | 11 | कुल | 54264 | 182 |
| कुरुक्षेत्र | 2405 | 8 | | | |

---

**बढ़ रहे अपराध : 20 दिनों में भिवानी में गोतस्करी की तीन घटनाओं को दे चुके हैं अंजाम**

# गोरक्षकों और गोतस्करों में मुठभेड़ पत्थर बरसाते आरोपी मौके से फरार

**गोतस्करों ने डायल 112 की गाड़ी में भी की टक्कर मारने की कोशिश**

**सूचना मिलते ही दौड़ी गोतस्कर की टीम**

*शनिवार देर रात हांसी गेट पर संदिग्ध गोतस्कर पिकअप डाला के साथ दिखाई दिए। गोरक्षा दल की टीम ने पीछा किया तो गोतस्करों ने पत्थर फेंकते हुए अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस कर जांच रही है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

शहर में गोतस्करी का खतरा एक बार फिर बढ़ता दिखाई दे रहा है। शनिवार देर रात गोरक्षा दल भिवानी की टीम और गोतस्करों के बीच जोरदार मुठभेड़ हुई। घटना में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पत्थर फेंके, जबकि गौरक्षों की गाड़ी को गंभीर नुकसान पहुंचा। यही नहीं मौके पर मौजूद डायल-112 की गाड़ी को भी गौतस्करों ने टक्कर मारने का प्रयास किया और पुलिस की मौजूदगी के बावजूद आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहे।

गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार ने बताया कि शनिवार रात हांसी गेट पर संदिग्ध गौतस्कर पिकअप डाला में दिखाई दिए थे। सूचना मिलते ही गौरक्षा दल की टीम उनके पीछे दौड़ी। गौतस्कर हांसी गेट से भागते हुए घंटाघर और फिर बापोड़ा चौक की ओर बढ़े। बापोड़ा चौक के पास पीछा कर रही गौरक्षा टीम और गौतस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। संजय परमार के अनुसार सबसे पहले गौतस्करों ने उन पर पत्थर बरसाए।



भिवानी। गोतस्करों द्वारा की गई पत्थरबाजी में टूटी गाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### हालुवास से गोतस्कर दो पिकअप में पशु भरकर ले गए थे

संजय परमार ने बताया कि पिछले 20 दिनों में यह गौतस्करी की तीसरी बड़ी घटना है। कुछ दिनों पहले गांव हालुवास से गौतस्कर दो पिकअप में गाय भरकर ले गए थे। गौरक्षा दल ने उनका कनीना-महेंद्रगढ़ तक पीछा किया, लेकिन उस दौरान दादरी पुलिस सहयोग न मिलने पर वे बच निकले। उसके बाद चार दिन पहले, भोजावाली मंदिर के सामने से गौतस्कर टाटा-407 में तीन गाय भरकर ले गए, जिसका निनान तक पीछा किया गया, लेकिन पुलिस को लगातार सूचना देने के बावजूद भी गौतस्कर फरार हो गए। यही नहीं पिछले 15 दिनों में दो टाटा ऐस में कुल चार बैल भी गौरक्षा दल ने पकड़े थे।

### काऊज टास्क फोर्स हरकत में आई

उसके बाद बचाव के लिए गौरक्षा दल भिवानी के सदस्यों ने भी पत्थर फेंककर जवाब दिया। इस दौरान आमने-सामने की मुठभेड़ में उनकी गाड़ी आगे से टूट गई और काफी नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि घटना के समय पास में खड़ी डायल-112 की गाड़ी पर भी गौतस्करों ने टक्कर मारने की कोशिश की। पुलिस की मौजूदगी के बावजूद गौतस्कर अपनी गाड़ी को तेज गति से दौड़ाते हुए घटनास्थल से निकल भागे। गौरक्षा दल ने तुरंत भिवानी पुलिस अधीक्षक को फोन कर घटना की सूचना दी और पुलिस अधीक्षक आदेशानुसार इंस्पेक्टर आजाद के नेतृत्व में गठित काऊज टास्क फोर्स को सूचना मिलते ही सीआईए यूनिट तथा विभिन्न थानों के एसएचओ रोड़ पर नाकाबंदी के लिए निकल गए। लेकिन तेज रफ्तार से भागे गौतस्कर सुई-बलियाली रोड की ओर ओझल हो गए और फरार होने में सफल रहे।

### व्यापारियों में डर और असुरक्षा

गोरक्षा दल द्वारा इन सभी घटनाओं की शिकायतें शहर के अलग-अलग थानों में दर्ज करवाई जा चुकी हैं। लेकिन लगातार हो रही घटनाओं ने कानून-व्यवस्था और पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ते गौतस्करी के मामलों से शहर में आम लोगों और व्यापारियों में भी डर और असुरक्षा का माहौल बन गया है। गौरक्षा दल ने पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई और रात की गश्त बढ़ाने की मांग की है।

---

**जींद में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई**

# धान के अवशेष जलने पर 10 पुलिस कर्मचारी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने जिन क्षेत्र में धान के अवशेष ज्यादा जले हैं, उन क्षेत्र के पुलिस बीट कर्मचारी सस्पेंड कर दिए हैं। एसपी ने 10 पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों को सस्पेंड करने के आदेश जारी किए। इनमें पांच एएसआई रेंक के अधिकारी भी हैं। इन पर अपने कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप हैं। पुलिस प्रवक्ता राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने जयवीर, इकबाल, वीरेंद्र, रिषिपाल, राजेश, राजेश समेत दस पुलिस कर्मचारियों को संस्पेंड करने के आदेश जारी किए हैं। इनमें अलेवा थाना, उचाना थाना, गढ़ी थाना, सदर थाना नरवाना तथा सफीदों सदर थाना के बीट कर्मचारी शामिल हैं। राजेश कुमार ने कहा कि किसानों को बार-बार पराली नहीं जलाने के लिए अपील की जाती है।



टोहाना। खेत में जली पराली बुझाते दमकल कर्मचारी।

### पराली में आग, एसडीएम ने मौके पर बुझवाया

**टोहाना।** प्रशासन की सख्ती के बावजूद कुछ किसान पराली जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। जिले के टोहाना क्षेत्र में पराली जलाने के बढ़ते मामलों को देखते हुए एसपी आकाश शर्मा लगातार गांवों के दौरे पर है। उन्होंने रविवार को गांव चंदड़ कला में पराली में लगी आग को दमकल विभाग की सहायता से तत्काल बुझवाया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी स्थान पर आग लगने की सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### एसडीएम ने दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया

जींद। पराली जलाने पर रोक को सख्ती से लागू कराने और किसानों को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एसडीएम जुलाना होशियार सिंह ने रविवार को क्षेत्र के प्रमुख गांवों राजगढ़, बस्ता खेड़ा, जैजैवंती, गतौली, शाहपुर, ब्राह्मणवास किलाफरगढ़, पौली, हथवाला, अकालगढ़ और बुढ़ाखेड़ा लाठर का दौरा किया। दौरे के दौरान एसडीएम ने खेतों में लगी पराली की आग को स्वयं मौके पर जाकर बुझाया और किसानों से बातचीत कर स्पष्ट संदेश दिया कि पराली जलाना न केवल कानूनी अपराध है बल्कि पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा भी है। उन्होंने बताया कि पराली से उठने वाला धुआं हवा को जहरीला बनाता है, सांस संबंधी बीमारियों को बढ़ाता है।

---

**दुर्घटना पीड़ित को समय पर नहीं मिला इलाज**

# कटी जीभ हाथ में लिए डेढ़ घंटे तक अस्पताल में घूमता रहा मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

सड़क दुर्घटना में घायल मरीज अपनी कटी जीभ लेकर नागरिक अस्पताल में डेढ़ घंटे तक घूमता रहा। इस दौरान उसका न तो उपचार किया और न ही उसे रेफर किया। मरीज में जब अपने जानकारों से नगारिक अस्पताल के चिकित्सकों को फोन कराया तब जाकर रात्रि को साढ़े 11 बजे उसे चंडीगढ़ के सेक्टर 32 स्थित अस्पताल में उपचार के लिए रेफर किया गया।इस दौरान अंबाला शहर में तो चिकित्सकों ने उचित व्यवहार नहीं किया। अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल ने तो रात्रि में एक्स-रे जांच नहीं की। ऐसे में मरीज को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दरअसल शनिवार शाम आठ बजे जसपाल सिंह (45) का एक्सीडेंट हो गया था। हादसे में उनकी जीभ कट गई जिसकी वजह से वह लहुलुहान हो गया। उसके परिजनों का आरोप है कि अंबाला शहर में तो चिकित्सकों ने जसपाल के साथ उचित व्यवहार नहीं किया जबकि अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल में रात्रि को एक्स-रे जांच की सुविधा नहीं मिल पाई।

### बहलः ऊंटों से भरी कैंटर गाड़ी पकड़ी

**बहल।** बहल थाना अंतर्गत चैहड़ कलां चौकी पुलिस ने दस ऊंटों से भरी एक कैंटर गाड़ी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। कैंटर में ऊंटों को ठूंस ठूंस कर भरा गया था। कैंटर में सवार लोग पुलिस को देखकर मौके से भागने में सफल हो गए। पुलिस को शक है कि इन ऊंटों को तस्करी कर ले जा रहे थे। पुलिस ने ऊंटों को चैहड़ कलां गोशाला में रखवाया है वहीं गाड़ी को अपने कब्जे में लिया है। पुलिस ने मामले में तीन नामजद सहित अन्य लोगों के खिलाफ पशु अधिनियम सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। चैहड़ कलां पुलिस चौकी प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि पुलिस को शनिवार रात करीब डेढ बजे सूचना मिली थी।

### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में प्रस्तुति देते कलाकार



**चण्डीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 में ब्रह्मसरोवर की फिजा में अलग-अलग प्रदेशों के सांस्कृतिक रंगों की महक लेकर उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केंद्र की तरफ से 6 प्रदेशों के कलाकार पहुंच चुके है। इस महोत्सव में 5 दिसंबर तक ब्रह्मसरोवर के घाटों के पर एनजेडसीसी के कलाकार अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। इसके लिए 4 बैचों में महोत्सव के शेड्यूल को बांटा गया है ताकि पर्यटकों का लगातार मनोरंजन किया जा सके। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केंद्र पटियाला के अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कहा कि सरकार के आदेशानुसार अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में पिछले कई सालों से लगातार एनजेडसीसी के कलाकार देश विदेश से आने वाले पर्यटकों का मनोरंजन कर रहे है।

---

**पहल** **बेटियों को खेल और अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के लिए दे रहे प्रेरणा**

# सज्जन ने चांदी से बनाई मिनी महिला क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी, खिलाड़ियों को भेंट करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

शहर के स्वर्णकार सज्जन सोनी एक बार फिर अपनी अनोखी कला से सुर्खियों में हैं। उन्होंने पहली बार चांदी से सबसे छोटी आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी तैयार की है। जो बेटियों के लिए प्रेरणादायक संदेश प्रस्तुत करता है। सज्जन सोनी ने बताया कि उन्होंने 3 ग्राम 600 मिलीग्राम चांदी से हाल में हुए आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप की ट्रॉफी तैयार की है। उन्होंने बताया कि इस ट्रॉफी को बनाने मात्र सवा घंटे का समय लगा। उन्होंने बताया कि इस ट्रॉफी में भाग लेने वाली आठ देशों की महिला टीम को दर्शाने के लिए आठ डॉटस भी बनाए गए हैं। इसके अलावा इस ट्रॉफी को चांदी की चेन में पिरोया गया है। उन्होंने बताया कि चेन आठ ग्राम की बनी है। कुल वजन 12 ग्राम 380 मिलीग्राम है। उनके द्वारा चांदी से तैयार की गई इस मिनी ट्रॉफी ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। सज्जन सोनी इससे पहले भी मिनी वल्ड कप और अन्य खेल प्रतियोगिताओं की ट्रॉफियां तैयार कर चुके हैं। सोनी इससे पहले पुरुषों के क्रिकेट कप, कॉमनवेल्थ गेम्स, ऑलंपिक गेम की ट्रॉफियां बना चुके हैं।



सिरसा। सज्जन सोनी तैयार की गई मिनी महिला क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी दिखाते हुए। फोटो: हरिभूमि

### पहल की हो रही प्रशंसा

सज्जन सोनी ने बताया कि यह मिनी ट्रॉफी भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ियों को भेंट की जाएगी। उनका मानना है कि जब ये खिलाड़ी इस छोटे से लेकिन अनोखे कप को देखेंगी, तो उन्हें यह महसूस होगा कि शहर के लोग किस तरह उनके प्रदर्शन से प्रेरित होते हैं और उनकी उपलब्धियों को सम्मान देते हैं। शहरवासी सज्जन सोनी की इस पहल की खूब प्रशंसा कर रहे हैं। सोनी ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मिशन की कामयाबी से प्ेररित होकर उन्होंने बेटियों को समर्पित यह ट्रॉफी तैयार की है ताकि देश की अन्य बेटियों को इससे अपने जीवन में आगे बढने प्रेरणा मिले।

### रेवाड़ीः कंपनी कर्मी की बिगड़ी तबियत अस्पताल में तोड़ा दम

**रेवाड़ी।** आशियाकी पांचौर के पास एक प्राइवेट कंपनी में कार्यरत युवक की अचानक तबियत बिगड़ गई। उसके साथी कर्मचारी उसे एक प्राइवेट अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कसोला पुलिस ने सूचना मिलने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया।

कंपनी में कांटेक्ट बेस पर कार्यरत आशियाकी पांचौर निवासी धनेश घर से कंपनी में काम करने के लिए गया था। शनिवार को शाम के समय अचानक उसकी तबियत खराब हो गई। प्रबंधन के कहने पर स्टाफ के लोग उसे शहर के एक अस्पताल लेकर आए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक का भाई सुरेंद्र कुमार भी इसी कंपनी में स्थाई कर्मचारी के तौर पर कार्यरत है। सूचना मिलने के बाद कसोला थाना पुलिस अस्पताल पहुंच गई। परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

---

**कमरे में बंद होने के बाद मदद के लिए बॉलकनी में आया था**

# गुरुग्राम में 22वीं मंजिल से गिरने पर बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर 65 थाना एरिया के सेक्टर 62 स्थित पायनियर प्रेसीडिया सोसायटी की 22वीं मंजिल से गिरने पर पांच साल के बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के दौरान बच्चे के माता-पिता घर पर नहीं थे। बच्चा घरेलू सहायिका के साथ सोसाइटी के ग्राउंड से खेल कर वापस घर जा रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया।

रेवाड़ी के धारूहेड़ा निवासी पेशे से बिल्डर प्रकाश चंद्र पिछले कई सालों से पायनियर प्रेसीडिया सोसाइटी में रहते हैं। शनिवार की सांय प्रकाश चंद्र व उनकी डॉक्टर पत्नी घर पर नहीं थे। घर पर उनका पांच साल का बेटा रुद्र तेज सिंह घरेलू सहायिका केसाथ था। बताया जा रहा है कि करीब साढ़े पांच बजे रुद्र तेज सिंह घरेलू सहायिका के साथ सोसाइटी के ग्राउंड से खेल कर वापस घर जा रहा था। लिफ्ट से निकलते ही बच्चा दौडक़र अंदर चला गया। ऐसे में धक्का लगने से फ्लैट का मेन गेट अंदर से बंद हो गया। इससे घरेलू सहायिका अंदर नहीं जा पाई। अपने आप को अकेला पाकर बच्चा मदद के लिए बॉलकनी में आया और वहां पर कपड़े सुखाने वाले राड पर चढ़कर लोगों को बुलाने लगा। इसी दौरान वह अनियंत्रित होकर 22वीं मंजिल की बॉलकनी से नीचे गिर गया। आसपास के लोगों ने बच्चे को मेरिंगो एशिया अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया।

